भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †12
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नेहरू ट्रॉफी नौका दौड़

†12. **श्री के. सी. वेणुगोपाल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की केरल राज्य के अलपुझा जिले में नेहरू ट्रॉफी नौका दौड़ के लिए अवसंरचना में सुधार करने की कोई योजना है ताकि इस आयोजन की अपील को बढ़ाया जा सके और अधिक से अधिक पर्यटकों को समायोजित किया जा सके;

(ख) क्या अवसंरचना विकास अथवा नेहरू ट्रॉफी की नौका दौड़ के संबंध में केरल राज्य सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुआ है; और

(ग) सरकार द्वारा नेहरू ट्रॉफी नौका दौड़ को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण के रूप में प्रोत्साहन देने के लिए क्या कोई विशिष्ट उपायों का प्रस्ताव किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय केरल सहित देश में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

केरल सरकार ने सूचित किया है कि सोसायटी सभी आवश्यक प्रबंध करती है और आयोजन के विधिवत संचालन, इसके संवर्धन और पर्यटकों के लिए आवास की सुविधाएं प्रदान करती है।

नेहरू ट्रॉफी बोट रेस में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अवंसरचना विकास हेतु केरल सरकार से मंत्रालय को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

मंत्रालय घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में केरल सहित देश के पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों का संवर्धन करता है। यह प्रचार कार्य आयोजनों तथा सोशल मीडिया सहित अन्य पहलों के माध्यम से किया जाता है।

****